आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 18.09.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

- स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत द्वीपों के विभिन्न स्वास्थ्य केन्द्रों में गतिविधियां चलाई जा रही है।
- श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद की ओर से "स्वच्छता ही सेवा" पहल की शुरूआत की गई।
- विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर हेरिटेज वॉक का आयोजन किया गया।
- कला एवं संस्कृति निदेशालय की ओर से फिल्म निर्माण कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा।

<><><><><><><>

स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान का राष्ट्रीय उद्घाटन कल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मध्य प्रदेश के धार में किया। इस समारोह में उप–राज्यपाल एडमिरल डी के जोशी, वर्चुअल रूप से भाग लिया। यह पहल 'पोषण माह' के अनुरूप है और इसका उद्देश्य महिलाओं को सशक्त बनाना और पूरे भारत में पारिवारिक स्वास्थ्य को मजबूत करना है। द्वीपसमूह में राष्ट्रीय शुभारंभ का वेबकास्ट डीब्रेट के कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित किया गया। देश के अन्य भागों के साथ द्वीपसमूह में भी स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान और 8वें राष्ट्रीय पोषण माह का औपचारिक रूप से शुभारंभ किया गया। समारोह में इस कार्यक्रम में सांसद बिष्णु पद रे, मुख्य सचिव डॉ. चंद्र भूषण कुमार और प्रशासन के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। इस अवसर पर समाज कल्याण विभाग ने एक फूड बास्केट प्रदर्शनी का आयोजन किया। द्वीपों के सभी स्वास्थ्य केंद्रों में विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की जा रही हैं, जो 2 अक्टूबर तक जारी रहेंगी।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद ने कल राष्ट्रीय स्मारक सेल्यूलर जेल परिसर में "स्वच्छता ही सेवा" पहल का उद्घाटन किया। पखवाड़े भर चलने वाले इस कार्यक्रम में नगरपालिका परिषद के अध्यक्ष शाहुल हमीद ने स्वच्छता शपथ दिलाई। उद्घाटन कार्यक्रम में शहरी विकास सचिव नीरज भारती, नगरपालिका परिषद के सचिव अजहरुद्दीन जहीरुद्दीन काजी सहित अन्य गणमान्य लोग शामिल हुए। इस अवसर पर एक हस्ताक्षर अभियान भी शुरू किया गया। 'एक पेड़ माँ के नाम' के अंतर्गत वीर सावरकर पार्क में पौधरोपण किया गया। इसके बाद घंटाघर से सेल्यूलर जेल और आसपास के क्षेत्रों में एक व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान नगरपालिका परिषद की ओर से 2 अक्टूबर तक कई गतिविधियां और जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाएंगे।

<><><><><><>

इस स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले की प्राचीर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जीएसटी सुधारों की अगली पीढ़ी की घोषणा की थी। आज, हम नवीकरणीय ऊर्जा पर एक नज़र डालते हैं।

<><><><><><>

विश्व पर्यटन दिवस 27 सितंबर को मनाया जाएगा। इस वर्ष का विषय "पर्यटन और सतत परिवर्तन" है। इस सिलसिले में पर्यटन विभाग की ओर से विभिन्न प्रतियोगिताओं के आयोजन किए जाएंगे। 20 से 25 सितंबर तक अंडरवाटर फोटोग्राफी प्रतियोगिता, 25 और 26 सितंबर को शिक्षा निदेशालय और ग्रामीण विकास एवं पंचायत विभाग द्वारा विम्बर्लीगंज मिनी स्टेडियम में वॉलीबॉल टूर्नामेंट का आयोजन होगा। इसमें भाग लेने के लिए 25 सितंबर तक आवेदन किया जा सकता है। 27 सितंबर, को टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय के सभागार में सुबह दस 10 से संगोष्ठी आयोजित की जाएगी, जिसमें विशेषज्ञ सतत विकास, पर्यावरण–पर्यटन और समुदाय–आधारित पर्यटन मॉडल पर विचार साझा करेंगे। द्वीपसमूह की समृद्ध पाक विरासत को प्रदर्शित करने के लिए, खाद्य सुरक्षा विभाग के सहयोग से 27 सितंबर को दोपहर 3 बजे से रात 10 बजे तक प्रदर्शनी मैदान में भारतीय व्यंजन महोत्सव का भी आयोजन किया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए, सूचना, प्रचार एवं पर्यटन निदेशक या प्रबंधक से कार्य अवधि के दौरान सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक संपर्क किया जा सकता है। इस सिलसिले में कल अंडमान निकोबार टूर ऑपरेटर्स एसोसिएशन ने ग्राम पंचायत होपटाउन, कन्यापुरम और अन्य संगठनों के सहयोग से स्वतंत्रता सेनानी शेर अली खान स्तंभ से लेकर माउंट मणिपुर तक हेरिटेज वॉक का आयोजन किया गया। इसके अलावा स्कूली बच्चों के लिए भी वॉक हेरिटेज और पक्षी मूल्यांकन के कार्यक्रम रखे गए। इस अवसर पर अनटोवा के अध्यक्ष सिमसैन ने विश्व पर्यटन दिवस पर चलाए जा रहे गतिविधियों के बारे में जानकारी दी।

<><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद ने कल जेएनआरएम सभागार में कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सहयोग से एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया। शिविर का उद्घाटन उप–राज्यपाल एडमिरल डी के जोशी ने किया। उन्होंने शिविर के आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि परिषद ने एक ही दिन में 2,50,000 यूनिट से अधिक रक्त एकत्रित करने के लिए 'वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स' में अपना नाम दर्ज कराया है। कार्यक्रम में आयुक्त–सह–सचिव

चंचल यादव, स्वास्थ्य सचिव ऋचा और प्रशासन के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। शिविर के दौरान कुल 81 रक्तदाताओं ने स्वेच्छा से रक्तदान किया।

<><><><><><><>

कला एवं संस्कृति निदेशालय INTACH अंडमान निकोबार चैप्टर के सहयोग से फिल्म निर्माण कार्यशाला का आयोजन करेगा। कार्यशाला मुंबई के प्रसिद्ध फिल्म निर्माता तन्मय नाग के नेतृत्व में आयोजित होगा। यह कार्यशाला 26 से 28 सितंबर तक दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय के सभागार में आयोजित की जाएगी, जिसमें पटकथा लेखन, निर्देशन और व्यावहारिक अभ्यास पर प्रशिक्षण दिया जाएगा। कार्यशाला में 30 प्रतिभागी भाग ले सकते हैं। आवेदन पत्र कला एवं संस्कृति विभाग और INTACH कार्यालय, में 25 सितम्बर तक जमा किए जा सकते हैं।

<><><><><><><>